
# Parallel Seating Questions for Bank Prelims Exam – Set 2 (Hindi)




**निर्देश (1-5): नीचे दी गई जानकारी के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें।**

दस व्यक्ति A, B, C, D, E, F, G, H, I और J दो समानांतर पंक्तियों में इस प्रकार बैठे हैं कि प्रत्येक पंक्ति में पांच व्यक्ति बैठे हैं लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में हों। पंक्ति 1 में बैठे व्यक्तियों का मुख पूर्व दिशा की ओर है जबकि पंक्ति 2 में बैठे व्यक्तियों का मुख पश्चिम दिशा की ओर है। इसलिए, दी गई बैठने की व्यवस्था में पंक्ति 1 में बैठे व्यक्तियों का मुख पंक्ति 2 में बैठे व्यक्तियों की ओर है और वे विपरीत बैठे हैं।

J किसी एक अंतिम छोर पर बैठा है और E की ओर उन्मुख व्यक्ति से तीन स्थान दूर बैठा है। B उस व्यक्ति की ओर उन्मुख है जो E के तत्काल बायें बैठा है। B और F के मध्य केवल एक व्यक्ति बैठा है, जिसका मुख C की ओर है। G, C के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है और उस व्यक्ति के आसन्न बैठा है जिसका मुख D की ओर है। F, D के आसन्न नहीं बैठा है। न तो A न ही H अंतिम छोर पर बैठा है। H न तो पश्चिम की ओर उन्मुख है और न ही G के आसन्न बैठा है।

**1) निम्नलिखित में से कौन A के विपरीत बैठा है?**

a) वह व्यक्ति जो B के तत्काल बायें बैठा है

b) D

c) E

d) वह व्यक्ति जो C की ओर उन्मुख है

e) या तो F या J

**2) G के बाएं से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?**

a) वह व्यक्ति जो D के विपरीत बैठा है

b) A

c) वह जो B की ओर उन्मुख है

d) J

e) इनमे से कोई भी नहीं

**3) H के तत्काल बायें कौन बैठा है?**

a) C

b) I

c) B

d) F

e) इनमे से कोई भी नहीं

**4) B की ओर उन्मुख व्यक्ति और J की ओर उन्मुख व्यक्ति के ठीक बीच में कौन बैठा है?**

a) वह जो D की ओर उन्मुख है

b) C

c) तय नहीं किया जा सकता

d) G

e) वह व्यक्ति जो I के तत्काल बायें बैठा है

**5) निम्नलिखित पांच में से चार किसी न किसी तरह से एक दूसरे से संबंधित हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह चुनें जो उस समूह से संबंधित नहीं है?**

a) F

b) H

c) G

d) B

e) J

**निर्देश (6-10): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें**

बारह व्यक्ति एक समानांतर पंक्ति में और एक दूसरे के विपरीत बैठे हैं। पंक्ति 1- में L, M, N, O, P और Q का मुख दक्षिण की ओर है। पंक्ति 2 में- A, B, C, D, E और F का मुख उत्तर की ओर है लेकिन आवश्यक नहीं इसी क्रम में हो। L, F के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठे व्यक्ति के विपरीत बैठा है। B और F के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। B, F के बाईं ओर बैठता है। L के बाईं ओर बैठे व्यक्तियों की संख्या उतनी ही है जितनी P के दाईं ओर बैठे व्यक्तियों की संख्या है। N, P के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है। A, D के तत्काल बायें बैठा है, उनमें से कोई भी पंक्ति के अंत में नहीं बैठा है। C उस व्यक्ति के विपरीत बैठा है जो Q के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। O और P तत्काल पडोसी नहीं हैं।

**6) L के सन्दर्भ में Q का स्थान क्या है ?**

a) तत्काल बाएं

b) तत्काल दायें

c) दायें से दूसरा

d) बायें से तीसरा

e) बाएं से दूसरा

**7) निम्नलिखित व्यक्तियों की जोड़ी में से कौन एक दूसरे के विपरीत बैठे हैं?**

**I. OB**

**II. PE**

**III. LD**

**IV. MF**

a) केवल II और III

b) केवल I और II

c) केवल III और IV

d) केवल I और III

e) सभी I, II, III और IV

**8) यदि पंक्ति 1 में सभी व्यक्तियों को दायें छोर से वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन D के विपरीत बैठा है?**

a) Q

b) वह व्यक्ति जो P के बायें से दूसरे स्थान पर बैठा है

Click Here For Bundle PDF Course    Click Here to Subscribe Our Yearly Mock Test Package

c) P

d) वह व्यक्ति जो L के तत्काल दायें बैठा है

e) N

**9) निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?**

a) Q, P के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है

b) L और N तत्काल पडोसी हैं

c) A और C के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है

d) B, E के दायीं ओर बैठा है

e) P, F के विपरीत बैठा है

**10) M के दायीं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं ?**

a) जितने व्यक्ति B और C के बीच बैठे हैं

b) तीन

c) पांच

d) एक

e) जितने व्यक्ति D के बायें बैठे हैं

## ANSWER WITH EXPLANATION

**निर्देश (1-5):**

**1) उत्तर: B**

**2) उत्तर: E**

**3) उत्तर: D**

**4) उत्तर: A**

**5) उत्तर: C**


1. J किसी एक अंतिम छोर पर बैठा है और E की ओर उन्मुख व्यक्ति से तीन स्थान दूर बैठा है।

2. B उस व्यक्ति की ओर उन्मुख है जो E के तत्काल बायें बैठा है।


3. केवल एक व्यक्ति B और F के मध्य बैठा है, जिसका मुख C की ओर है।

अब, चूंकि J या तो पंक्ति 1 के दायें या बायें छोर पर बैठा है या पंक्ति 2 के दायें या बायें छोर पर बैठा है, इसलिए हमारे पास J के लिए चार संभावित स्थान हैं।


केस I:





केस II:




केस III:




केस IV:





4. G, C के बायें से दूसरे स्थान पर बैठा है और D की ओर उन्मुख व्यक्ति के आसन्न बैठा है।


5. F, D के आसन्न नहीं बैठा है।

निष्कर्ष: अब, सुराग 4 और 5 के संबंध में, केस I और III अमान्य हैं क्योंकि D और F एक आसन्न नहीं बैठे हैं।

केस II:




केस IV:





6. न तो A और न ही H अंतिम छोर पर बैठे हैं।

7. H न तो पश्चिम की ओर उन्मुख है और न ही G के आसन्न बैठा है।

अब, सुराग 6 और 7 के संदर्भ में केस IV खारिज कर दिया गया है क्योंकि हम केस IV में H को कहीं बिठा नहीं सकते हैं।

अंतिम व्यवस्था इस प्रकार है:




**निर्देश (6-10):**

6) उत्तर: E


7) उत्तर: B

8) उत्तर: E

9) उत्तर: B

10) उत्तर: C


**अंतिम व्यवस्था**




हमारे पास है,


- L उस व्यक्ति के विपरीत बैठा है जो F के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है।
- B और F के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं।
- B, F के बायें बैठा है।

उपरोक्त स्थिति से, तीन संभावनाएं हैं।




हमारे पास फिर से है,

- L के बाईं ओर बैठे व्यक्तियों की संख्या उतनी ही है जितनी P के दाईं ओर बैठे व्यक्तियों की संख्या है।
- N, P के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है।
- A, D के तत्काल बायें बैठा है, उनमें से कोई भी पंक्ति के अंत में नहीं बैठा है।





हमारे पास फिर से है,

- C उस व्यक्ति के विपरीत बैठा है जो Q के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है।

# Parallel Seating Questions for Bank Prelims Exam – Set 2 (Hindi)

- O और P तत्काल पडोसी नहीं हैं।

उपरोक्त स्थिति से, केस 2 और केस 3 समाप्त हो जाते हैं। केस 1 अंतिम व्यवस्था दिखाता है।




Click Here For Bank Exam Free PDF

Click Here For Reasoning Free PDF

Click Here For Quantitative Aptitude Free PDF

Click Here For English Free PDF